आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 18.05.2024

मुख्य समाचारः–

– सुकमा जिले में आज पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया।

2– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में एक व्यक्ति ने पांच लोगों की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली।

3– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशन परिसरों में मोबाइल वैन के माध्यम से भारत आटा और भारत चावल की बिक्री आज से शुरू।

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पुलिस को पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के टेटराई–तोलनाई के जंगल में माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान टेटराई–तोलनाई के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने माओवादी के शव के अलावा एक भरमार बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की है।

सारंगढ़/बिलाईगढ़–हत्या

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में आज एक व्यक्ति ने एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी है। इसके बाद आरोपी ने खुद भी आत्महत्या कर ली। यह घटना सलिहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव की है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी आज सुबह गांव के एक परिवार के घर पहुंचा और वहीं पांच लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में तीन महिलाएं, एक पुरूष और एक बच्चा शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

आर्मी कमांडर–दौरा

आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने कल छत्तीसगढ़ और ओडिशा उप क्षेत्र–कोसा तथा नया रायपुर के सैन्य स्टेशन का दौरा किया। इस मौके पर बस्तर जैसे दूरदराज और दुर्गम स्थानों पर पूर्व सैनिकों के कल्याण में कार्यरत् विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने आर्मी कमांडर को पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनरुत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने छत्तीसगढ़ के अमर शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय और कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों की सहभागिता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, मेजर जनरल परमजीत सिंह दहिया सहित अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

भारत आटा/चावल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा और धमतरी रेलवे स्टेशन परिसरों में मोबाइल वैन के माध्यम से सस्ती दरों पर आज से भारत आटा और भारत चावल की बिक्री शुरू की गई है। नेशनल एग्रीकल्चर को–ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की योजना के तहत भारत आटा और भारत चावल बेचने के लिए तीन महीने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके तहत मोबाइल वैन स्टेशन परिसरों में शाम चार बजे से छह बजे तक उपलब्ध रहेगी। भारत आटा की बिक्री प्रति किलो साढ़े सत्ताईस रूपये और भारत चावल की बिक्री उनतीस रुपए प्रति किलो की दर से की जाएगी।

शराब घोटाला–याचिका खारिज

कथित शराब घोटाला मामले में त्रिलोक सिंह ढिल्लन को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। उनकी ओर से पेश जमानत याचिका पर एसीबी और ईओडब्ल्यू विशेष न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जमानत रद्द कर दी। इससे पहले, होटल कारोबारी अनवर ढेबर की जमानत याचिका को भी विशेष न्यायालय ने रद्द कर दिया था। वहीं, पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह, अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन की न्यायिक रिमांड विशेष न्यायालय ने तीस मई तक बढ़ा दी है।

बिलासपुर आईजी–नये कानून

देशभर में एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर संजीव शुक्ला ने पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने इन कानूनों को लागू किये जाने के पहले सभी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के संबंध में की जा रही कार्यवाही पर चर्चा की। बैठक में आईजी ने बिलासपुर जिले में लंबित अपराध तथा महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों पर समय–सीमा के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही आईजी ने पुलिस अधिकारियों को अनुसूचित जाति–जनजाति एक्ट के प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान देने को कहा।

एकलव्य विद्यालय–प्रवेश परीक्षा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के नौ परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में सोलह सौ से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी सह अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वहीं, सक्ती के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित परीक्षा में दो सौ तिरानवे परीक्षार्थी शामिल हुए।

आत्मसमर्पित माओवादी–दसवीं पास

माओवाद का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कबीरधाम जिले के आत्मसमर्पित माओवादी लिवरु उर्फ दिवाकर ने दसवीं की परीक्षा पास कर ली है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज वीडियो कॉल कर दिवाकर से बात की और उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने अन्य माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आव्हान किया।

गौरतलब है कि पूर्व माओवादी लिवरु उर्फ दिवाकर पर चौदह लाख रूपये और उनकी पत्नी पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। सत्रह वर्षों तक माओवादी संगठन से जुड़े रहने के बाद इस दंपत्ति ने आत्मसमर्पण किया था।

पीलिया–युवक मौत

राजनांदगांव शहर के शांति नगर वार्ड में एक युवक की कथित रूप से पीलिया से मौत होने की खबर मिली है। इस युवक का इलाज पिछले तीन दिनों से मेडिकल अस्पताल में चल रहा था। युवक की मौत की खबर के बाद निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने जल विभाग और अमृत मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों को गंदे पानी की शिकायत वाले वार्डों में गंभीरता से जांच कर व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुबह पानी सप्लाई के दौरान सभी अधिकारियों को अपने प्रभारित वार्डों में उपस्थित रहकर निरीक्षण करने भी कहा है।

सुरक्षा गार्ड हमला–आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर–चांपा के एक निजी कंपनी के सुरक्षा गार्डों पर हमला करने के मामले में एक नाबालिग सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से फावड़ा और अन्य लोहे के औजार जब्त किए गए हैं। अकलतरा पुलिस के अनुसार पिछले महीने छब्बीस अप्रैल की रात चोरी की नीयत से आठ से दस आरोपी दो कार में सवार होकर निजी कंपनी के ऑफिस पहुंच गए थे। वहां पर सुरक्षा गार्डों द्वारा विरोध करने पर इन आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया था। इस मामले के अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जाते हैं।

स्काउट गाइड–पेयजल

भीषण गर्मी को देखते हुए रायपुर रेलमंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निःशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में डब्ल्यूआरएस रेलवे स्टेशन में भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा कल से यात्रियों को गर्मी से राहत दिलाने शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। डब्ल्यूआरएस स्टेशन में निःशुल्क पेयजल की सेवा ग्रीष्मकाल तक जारी रहेगी। इस पुनीत कार्य में भारत स्काउट एंड गाइड दलों के प्रशिक्षक भी सहयोग कर रहे हैं।

रायपुर–समर कैम्प

रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन दिनों छात्र–छात्राओं के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने आज राजधानी में समर कैंप का शुभारंभ किया। इस कैम्प में अब तक छह सौ से ज्यादा छात्र–छात्राओं ने निःशुल्क पंजीयन करा लिया है। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि गर्मियों की छुट्टी में समय का सदुपयोग करते हुए बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों की ओर ले जाने के लिए समर कैम्प एक अच्छा प्रयास है। समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साईस मॉडल, हैंडीक्राफ्ट, योगा और ध्यान, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रोप स्कीपिंग, बॉलीबॉल, खो–खो, फुटबॉल, ताईक्वांडो जैसी अनेक विधाओं को शामिल किया गया है। इस कैम्प में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी जे.आर. दानी शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में सुबह सात से दस बजे के बीच पंजीयन करा सकते हैं।

वहीं, रायगढ़ जिले में भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह, राजनांदगांव जिले में बीस मई से समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में कला और रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र–छात्राओं को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन
कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी
प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''जशपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम
मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर–पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक स्थित है। वहीं, एक अन्य द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ से कर्नाटक तक बनी हुई है। इसके असर से कल प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने के आसार हैं। वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

उधर, कोंडागांव जिले के लांजोडा गांव में कल शाम आकाशीय बिजली गिरने से घर के पास खड़े एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक बच्चा झुलस गया, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार
– कोरबा जिले के ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई दो महिलाओं पर भालुओं ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल इन महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

– जांजगीर–चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>